हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 9.7 डिग्री

13 नागरिक अस्पताल भवन की 5.21 करोड़ से बदलेगी सूरत



14 धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा : गौतम



**खबर संक्षेप**

### शटरिंग प्लेट्स चुराने का आरोपी गिरफ्तार



**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-27 की टीम ने निर्माणाधीन कंपनी से शटरिंग प्लेट्स चोरी मामले में पांच हजार रुपये के ईनामी वांछित आरोपित गोलू निवासी झिलवाड़ा, उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। उससे 1100 रुपये बरामद किए गए हैं। 31 जनवरी 2024 को ओमप्रकाश निवासी भिवाड़ी हाल छतेहरा ने थाना कुंडली में शिकायत दी थी कि आजीवम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की साइट से 165 सैटरिंग प्लेट आई थीं। 27 जनवरी को कर्मचारी ने बताया कि 14 प्लेट ही शेष हैं। अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। पुलिस आयुक्त सोनीपत ने 24 फरवरी 2026 को आरोपित पर पांच हजार का इनाम घोषित किया था। जांच में एक अपचारी बालक को पहले अभिरक्षा में लिया गया और विक्की, अमित व रोहित गिरफ्तार किए जा चुके हैं। मुख्य सिपाही अजय की टीम ने अब गोलू को दबोचा। न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

### युवक पर डंडों से हमला करने के आरोपी पकड़े

**सोनीपत।** थाना सदर पुलिस ने युवक पर डंडों से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में एक अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया तथा कश्मीर और सरजीत निवासी बाघडू को गिरफ्तार किया है। 1 जुलाई 2025 को रवि ने शिकायत दी कि 29 जून को उसके भाई पर ढाबे पर झगड़े के दौरान डंडों से हमला किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। उप निरीक्षक अजमेर की टीम ने कार्रवाई कर तीनों को काबू किया। दोनों वयस्क आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया, जबकि बालक को जुवेनाइल होम अंबाला भेजा गया।

### नकदी व आभूषण चोरी करने का आरोपी काबू



**सोनीपत।** थाना कुंडली पुलिस ने गांव नाहरी में घर से जेवरात व नकदी चोरी मामले में तीसरे आरोपित राकेश निवासी निहाल विहार दिल्ली को गिरफ्तार किया है। उससे एक लाख रुपये बरामद हुए हैं। 8 जनवरी 2026 को राहुल ने शिकायत दी थी कि मुंबई से लौटने पर घर के ताले टूटे मिले और करीब ढाई लाख रुपये व जेवरात चोरी पाए गए। जांच में अमित उर्फ बंटी व सौरभ पहले गिरफ्तार हुए थे। सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र की टीम ने अब तीसरे आरोपित को काबू कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है।

### एचबीएसई के 72 केंद्रों पर दसवीं के 15601 विद्यार्थियों ने दिया गणित का पेपर


# दो नकलची पकड़े, ड्यूटी में कोताही पर बनवासा केंद्र का पर्यवेक्षक कार्यभार मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- उड़नदस्तों ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

जिला में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) व केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का दौर जारी है। एचबीएसई की ओर से बनाए गए 72 केंद्रों पर वीरवार को कक्षा 10वीं के 15601 विद्यार्थियों ने गणित विषय का पेपर दिया, जबकि 184 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। शिक्षा अधिकारियों व उड़नदस्ता की टीम ने निरीक्षण के दौरान गोहाना के बनवासा में बनाए गए केंद्र पर परीक्षा में नकल करते हुए दो विद्यार्थियों को दबोचा गया। इसके अलावा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में विद्यार्थियों ने गणित की परीक्षा दी। वहीं सीबीएसई की ओर से बने केंद्रों पर कक्षा 12वीं की ज्योग्राफी, 10वीं की बैंकिंग एंड इंश्योरेंस, इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर, सिक्योरिटी संबंधी विषयों पर परीक्षा हुई।

इस वर्ष जिले में एचबीएसई के तहत 31104 तो सीबीएसई के अंतर्गत 20800 विद्यार्थी परीक्षाएं देकर अपना भाग्य आजमा रहे हैं। एचबीएसई बोर्ड परीक्षा के दूसरे दिन जिला में 72 केंद्रों पर कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों का गणित विषय का पेपर रहा। कुल 15785 में से 15601 विद्यार्थियों ने कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच सीसीटीवी की निगरानी में पेपर दिया, जबकि 184 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा को लेकर केंद्रों पर चहल-पहल का माहौल रहा। सुबह से लेकर दोपहर तक केंद्रों के बाहर विद्यार्थियों व अभिभावकों की भीड़ रही। कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। उधर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग ने परीक्षा को शांतिपूर्ण व नकलरहित संपन्न करवाने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम रखे गए। केंद्रों के बाहर जहां काफी पुलिस बल तैनात रहा, वहीं जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया के नेतृत्व में अन्य अधिकारियों व उड़नदस्ता की 7 टीमों ने केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान गोहाना के बनवासा में बने केंद्र पर दो विद्यार्थियों को नकल करते पकड़ा गया। वहीं सीबीएसई की परीक्षा 33 केंद्रों पर सुबह 10:30 से 1:30 बजे तक हुई तो एचबीएसई की परीक्षा दोपहर 12:30 से 3:30 बजे के सत्र में आयोजित की गई। परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण व नकलरहित पेपर करवाने के उद्देश्य एचबीएसई की ओर से पहले ही सीसीटीवी लगवाने के निर्देश दिए गए थे, ताकि बोर्ड के अधिकारी पेपर के दौरान सीधे नजर रख सकें। साथ ही प्रश्न पत्रों पर क्यूआर कोड लगाया गया है, ताकि प्रश्न पत्र को लीक होने से रोका जा सके।



सोनीपत। मुरथल अड्डा सेंटर के गेट पर चस्पा सूची में अपना रोल नंबर ढूंढते विद्यार्थी।

#### केंद्रों के बाहर कड़ी सुरक्षा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से वीरवार को कक्षा 10वीं की गणित विषय की परीक्षा रही। निरीक्षण के दौरान गोहाना के बनवासा में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर दो विद्यार्थियों को मौके पर नकल करते पकड़ा गया है। दोनों परीक्षार्थियों की यूएमसी बनाकर कार्रवाई अमल में लाई गई है।
-**नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी

### नकल करने व कराने वालों पर दर्ज होगा केस : उपायुक्त



सोनीपत। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से ड्यूटी में कोताही बरतने पर सोनीपत के एक पर्यवेक्षण को कार्यभार मुक्त कर दिया गया। कंट्रोल रूम, भिवानी से संचालित आरएएफ-14 की ओर से सोनीपत के बनवासा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर तैनात पर्यवेक्षक राजेश, पीजीटी, एमएसपीएस, रिढ़ाना को कार्यभार मुक्त किया गया। उन पर ड्यूटी में कोताही बरतने का आरोप है। उधर परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न कराने के उद्देश्स से उपायुक्त सुशील सारवान ने शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उपायुक्त सुशील सारवान ने परीक्षा केंद्रों पर मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्णतः नकल रहित व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि कोई भी व्यक्ति नकल करने, कराने या इसमें मदद करने की कोशिश करता पाया गया, तो उसके खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दूसरे दिन भी हाइड्रोजन ट्रेन का ट्रायल, सुरक्षा मानक जांचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

- सवा घंटे स्टेशन पर ठहराव के बाद वापस जींद के लिए हुई रवाना

देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का वीरवार को ट्रायल के दूसरे दिन जींद से सोनीपत स्टेशन तक परिचालन किया गया। सुबह जींद से निकलने के बाद हाइड्रोजन ट्रेन गोहाना के रास्ते दोपहर 1:05 बजे सोनीपत स्टेशन पर पहुंची। यहां करीब 1 घंटा 10 मिनट ठहराव के बाद दोपहर 2:16 बजे वापस जींद के लिए रवाना हुई। इस दौरान हाइड्रोजन ट्रेन की गति, सिग्नल व ब्रेकिंग सिस्टम, ईंधन खपत जैसे सुरक्षा मानकों की जांच की गई। ट्रायल के दूसरे दिन भी हाइड्रोजन ट्रेन का करीब 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से परिचालन किया गया। अधिकारियों की मानें तो ट्रायल के दूसरे दिन खासियत यह रही कि ट्रेन को हाइड्रोजन इंजन के सहारे जींद से सोनीपत तक लाया गया। उधर हाइड्रोजन ट्रेन के लगातार दूसरे दिन लिए गए ट्रायल से यात्रियों में चर्चा को माहौल शुरू हो गया है। यात्रियों का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों हाइड्रोजन ट्रेन को जल्द हरी झंडी दिखाई जा सकती है। इससे रेल यात्रियों का जींद से सोनीपत रूट आवागमन सुगम होगा। यात्री पैसेंजर ट्रेनों के समान किराया खर्च कर समय की बचत के साथ उक्त रूट पर आवागमन कर सकेंगे। बता दें कि यह दुनिया की सबसे लंबी व प्रभावशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। अगर यह कामयाबी सफल साबित होती है तो भारत दुनिया के यूके, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, अमेरिका, चीन जैसे हाइड्रोजन ट्रेनों से समृद्ध देशों में प्रभावशाली रहेगा। माना गया है कि अब तक किसी देश में अधिक कोच के साथ हाइड्रोजन ट्रेन का परिचालन नहीं किया गया है। ऐसा भारत में पहली बार होगा, जब 8 कोच वाली यह ट्रेन करीब 2500 यात्री को सवार कर हरियाणा के जींद जिले से सोनीपत तक सफर कर सकेगी।

## 23 अवैध मेटल स्क्रैप मेल्टिंग बिल्डिंग स्ट्रक्चर किए ध्वस्त

- टीम ने प्रदूषण फैला रही 11 इकाइयों के बिजली कनेक्शन काटे

**खरखौदा।** जिला प्रशासन द्वारा उपमंडल के गांव फिरोजपुर बांगर स्थित अवैध रूप से संचालित औद्योगिक ईकाईयों पर गुरूवार को सख्त कार्रवाई की गई। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए 23 अवैध मेटल स्क्रैप मेल्टिंग बिल्डिंग स्ट्रक्चर को ध्वस्त किया गया व 11 इकाइयां जो प्रदूषण फैला रही थी, उनके मौके पर ही बिजली के कनेक्शन काटे गए। यह कार्रवाई एसीईओ, एसएमडीए की अध्यक्षता में गठित कमेटी जिसमें एसडीएम खरखौदा डॉ. निर्मल नागर सदस्य, आरओ एचएसपीसीबी अजय मलिक सदस्य, डीटीपी एसएमडीएम नीलम शर्मा सदस्य व अन्य द्वारा की गई। गठित टीम ने डीटीपी एसएमडीए नीलम शर्मा के सहयोग से यह कार्रवाई दिल्ली बॉर्डर के समीप लगते फिरोजपुर बांगर व गढ़ी कुंडल में की गई।



#### रात को चलता था वेस्ट स्क्रैप को पिघलाने का काम

उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि ये सभी इकाईयां अवैध रूप से रात्रि के समय ओड आवर में संचालित हो रही थी तथा दिल्ली की ओर से वेस्ट स्क्रैप मंगवाकर पिघलाने का कार्य कर रही थी। पिछले कुछ समय से ये ईकाईयां संबंधित क्षेत्र में खतरनाक वायु उत्सर्जन का प्रमुख स्त्रोत बनी हुई थी, जिससे पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि कार्रवाई के दौरान मौके पर ही 11 बिजली कनेक्शन भी उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएनएल) के द्वारा काटे गए, ताकि भविष्य मे अवैध गतिविधियों को दोबारा संचालित न किया जा सके। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व ऐसी ईकाईयों के खिलाफ भविष्य में भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## वाहन की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत

**गन्नौर।** सनपेड़ा रोड स्थित हनुमान धर्मकांटा के पास एक सड़क हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान लाखन सिंह निवासी गांव गडाना, थाना ककोड़, जिला बुलंदशहर, उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है, जो बड़ी स्थित एमबीएस कंपनी में कार्यरत था और रामनगर में किराये के कमरे पर रहता था। स्वजन के अनुसार लाखन सिंह अपने पड़ोसी प्रमोद की बाइक लेकर किसी कार्य से गन्नौर आया था। इसके बाद हरेंद्र नामक व्यक्ति ने फोन के माध्यम से उन्हें सूचना दी कि सनपेड़ा रोड पर हनुमान धर्मकांटा के पास लाखन सड़क दुर्घटना में घायल हो गया है। सूचना मिलते ही मृतक का भाई जगत सिंह मौके पर पहुंचा। लाखन सिंह की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।


## विवाहिता ने घर में फंदा लगाया परिवार बोला, बीमार चल रही थी

**गन्नौर।** दातौली गांव में 20 वर्षीय विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला। मृतका की पहचान गांव दातौली निवासी ललिता के रूप में हुई है। स्वजनों को उसका शव उसे कमरे में लटका देखा। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना बड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। साथ ही एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। जिसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। थाना बड़ी प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ललिता के परिवार के अनुसार वह मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

## खेल विश्वविद्यालय में फेंसिंग के खिलाड़ी ने फंदा लगाया

- कमरे से बरामद सुसाइड नोट में प्रेम प्रसंग का जिक्र, अस्पताल में भर्ती

**सोनीपत।** राई स्थित खेल विश्वविद्यालय में गुरुवार को एक फेंसिंग खिलाड़ी द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। समय रहते साथी विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय प्रशासन की सक्रियता के चलते उसकी जान बचा ली गई। छात्र को गंभीर अवस्था में सोनीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोनू, निवासी बवानी खेड़ा जिला भिवानी, विश्वविद्यालय में पीजी डिप्लोमा फेंसिंग का विद्यार्थी है। बताया जा रहा है कि गुरुवार दोपहर कुछ छात्रों ने हॉस्टल के कमरे की खिड़की से देखा कि सोनू फंदे पर लटका हुआ है। उन्होंने उसे नीचे उतारकर प्राथमिक सहायता दी। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन को सूचना दी गई। प्रशासन ने बिना देर किए एंबुलेंस की व्यवस्था कर छात्र को नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार कमरे से एक हस्तलिखित सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें कथित रूप से एक प्रेम प्रसंग का उल्लेख किया गया है। वहीं विवि के कुलपति अशोक कुमार ने घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि छात्र की सुरक्षा और स्वास्थ्य संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



सोनीपत। बरामद सुसाइड नोट।

#### बयान दर्ज करेंगे

छात्र फिलहाल बयान देने की स्थिति में नहीं है। उसके होश में आने के बाद ही विस्तृत बयान दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।
-**धीरज कुमार**, प्रभारी, थाना राई

### गन्नौर मंडी के आढ़तियों ने इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन की खरीद की शुरू

सरकार के निर्देश पर मैनुअल तराजू का उपयोग पूरी तरह से बंद

## अनाज मंडी में डिजिटल कांटे से होगी फसलों की तुलाई, किसान बोले- इससे धांधली रुकेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

अनाज मंडी में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए सरकार के आदेशों के बाद आढ़तियों ने आगामी खरीद सीजन को देखते हुए डिजिटल काटों की खरीद शुरू कर दी है। नापतोल में गड़बड़ी और धांधली की मिल रही शिकायतों के मद्देनजर सरकार ने सभी अनाज मंडियों में पुराने काटे तराजू की जगह डिजिटल काटों को अनिवार्य करने के निर्देश जारी किए थे। आदेशों के अमल में आने से मंडियों में खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता होगी। सरकार द्वारा जारी निर्देशों में स्पष्ट किया गया था कि मंडियों में फसलों की खरीद के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए डिजिटल मापतोल प्रणाली अपनाना अनिवार्य होगा। इस बारें में प्रदेश के सभी मार्केट कमेटी सचिवों को निर्देश दिए गए थे कि वे अधीन मंडी में आढ़तियों को डिजिटल काटे लगाने के लिए सुनिश्चित करें कि खरीद सीजन शुरू होने से पहले पर्याप्त संख्या में काटे उपलब्ध हों।



गन्नौर। अनाज मंडी में आढ़तियों द्वारा खरीदी गई मशीन।

#### समय-समय पर होगी मशीनों की जांच

मंडियों में होने वाली खरीद के दौरान केवल प्रमाणित डिजिटल काटों का ही उपयोग किया जाए। समय-समय पर इन काटों की जांच करवाएं ताकि किसी भी प्रकार की तकनीकी छेड़छाड़ या गड़बड़ी की संभावना को समाप्त किया जा सके। मंडियों में मैनुअल तराजू के उपयोग को पूरी तरह से बंद हो। गन्नौर अनाज मंडी के आढ़तियों ने डिजिटल काटों की खरीद शुरू कर दी है।

#### खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी : जयभगवान मलिक

किसान नेता जयभगवान मलिक ने आदेश की सराहना की और कहा कि डिजिटल काटे से खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी, किसानों का विश्वास भी मजबूत होगा। डिजिटल प्रणाली से विवादों में कमी आएगी और मापतोल को लेकर किसी भी प्रकार की आशंका समाप्त होगी। कई बार किसान मापतोल में गड़बड़ी की शिकायत करते थे।

#### आधुनिक तकनीक को अपनाया जा रहा : सुरेंद्र

फूडग्रेन एसोसिएशन प्रधान सुरेन्द्र ने बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार मंडियों में डिजिटल मापतोल व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है और आने वाले खरीद सीजन में पूरी तरह लागू कर दिया जाएगा। मंडियां पूरी तरह से आधुनिक हो जाएगी।

### जिले में यौन शोषण की तीन संगीन वारदात

## दोस्ती के बहाने किशोरी से दुष्कर्म महिला व बच्चा बने हवस के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




कुंडली व बहालगढ़ थाना क्षेत्रों में यौन शोषण की तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आई हैं। किशोरी से सोशल मीडिया पर दोस्ती कर अपने घर बुलाकर आरोपी पर यौन शोषण का आरोप है। वहीं बहालगढ़ थाना क्षेत्र में सात साल के बच्चे से गलत काम करने व एक अन्य मामले में महिला के घर में घुसकर यौन शोषण का आरोप लगा है। दिल्ली के नरेला क्षेत्र की 17 वर्षीय किशोरी ने नरेला में शून्य मुकदमा दर्ज कराया था कि उनकी जान पहचान सोशल मीडिया पर कुंडली क्षेत्र के रितिक के साथ हुई थी। आरोपी ने 11 फरवरी को उसे अपने पास बुलाया था। आरोपी उसे अपने घर ले गया था। जहां पर उसका यौन शोषण किया गया था। किशोरी ने परिजनों को अवगत कराया था। जिसके बाद नरेला थाना में शिकायत दी गई थी। वहां शून्य मुकदमा दर्ज होने के बाद जांच को कुंडली थाना में भेजा गया था। जिस पर अब कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी के अदालत में बयान दर्ज कराए गए हैं। तीसरे मामले में बहालगढ़ थाना क्षेत्र के एक ग्रामीण ने शिकायत दी है कि 20 फरवरी को गांव के युवक ने उनके घर में घुसकर उनकी 30 वर्षीय पत्नी के साथ गलत काम किया है। जिसका पता लगने पर उन्होंने पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### टॉफी के बहाने बुलाकर गलत काम किया, काबू

वहीं दूसरी घटना बहालगढ़ थाना क्षेत्र की है। यहां एक सात साल के बच्चे को गांव के ही युवक ने टॉफी का लालच देकर अपने पास बुलाया और उसके साथ गलत काम किया। बच्चे के परिजनों को मामले का पता लगा तो बहालगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए 30 वर्षीय आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### जरूरतमंद कन्या की करवाई शादी

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित "बेटी बोझ नहीं – जरूरतमंद कन्या विवाह परियोजना" के अंतर्गत वीरवार को अग्रवाल धर्मशाला में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सादगी, सम्मान और सामाजिक संवेदनशीलता के साथ सम्पन्न कराया गया। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी एवं प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि संस्था द्वारा करवाई गई शादियों की संख्या 165 तक पहुंच गई है।

### मिशन बुनियाद : जिले में 284 ने उत्तीर्ण की दूसरे चरण की परीक्षा

**सोनीपत।** सरकार व विद्यालय शिक्षा निदेशालय की महत्वाकांक्षी योजना मिशन बुनियाद के तहत दूसरे चरण की परीक्षा का परिणाम वीरवार को जारी किया गया। दूसरे चरण की परीक्षा में जहां प्रदेश में 7161 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की, इनमें सोनीपत के 284 विद्यार्थी भी शामिल हैं। प्रदेश में 3825 छात्राओं व 3336 छात्रों ने मिशन बुनियाद की परीक्षा पास की है, जबकि सोनीपत में 142 छात्राएं व 142 छात्र परीक्षा उत्तीर्ण कर अव्वल रहे हैं। उत्तीर्ण विद्यार्थी अब अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में होने वाली अंतिम एवं तीसरे चरण के साक्षात्कार में शामिल होंगे। राजकीय उच्च विद्यालय, मसद के दीपक जिंदल ने प्रदेश में छठी व जिला में प्रथम रेंक हासिल की। छात्र की इस उपलब्धि से परिवार में जश्न का माहौल है।

### मरीजों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, पुरानी टाइलें उखाड़कर लगाया जा रहा पत्थर

# नागरिक अस्पताल भवन की 5.21 करोड़ रुपये से बदलेगी सूरत

**अस्पताल परिसर की सड़कों पर 80 लाख रुपये किए जा रहे खर्च आवागमन होगा सुगम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल की जल्द 5.21 करोड़ रुपये की राशि से सूरत बदलेगी। यहां इलाज करवाने के लिए आने वाले मरीजों व स्टाफ कर्मियों की बेहतर सुविधाओं के लिए विभिन्न मरम्मत के कार्य करवाने के साथ तेजी से सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। अस्पताल परिसर में समय के साथ पुरानी हो चुकी टाइलों को उखाड़कर नया पत्थर बिछाया जा रहा है। इसके बाद कई जगह उखड़कर गिर चुकी छत की सीलिंग को भी बदलवाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने अक्तूबर 2027 तक सभी कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। वक्त के साथ जिला नागरिक अस्पताल का भवन पुराना होने के साथ कई जगह दरारें आ चुकी हैं। दीवारों व छत से लेंटर की पपड़ियां उखड़ने लगी हैं। छत की सीलिंग भी खस्ताहाल की स्थिति में पहुंच चुकी है। कई जगह तो सीलिंग खराब होकर उखड़ने के बाद गिर चुकी है। इतना ही नहीं, बारिश के मौसम में आपातकालीन कक्ष से लेकर ओपीडी व शिशु वार्ड में छत से पानी टपकने की समस्या बनी रहती है। इससे स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। छत से पानी का रिसाव होने के अलावा कई जगह टाइल्स टूट चुकी हैं। मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों की समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन की ओर से भवन के रेनोवेशन के लिए वर्ष 2025 में मुख्यालय को पत्र लिखा गया था। रेनोवेशन की मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग को अस्पताल में संबंधित कार्य करवाने का जिम्मा सौंपा गया है। विभाग ने टेंडर प्रक्रिया के बाद अक्तूबर 2025 में अस्पताल में भवन के साथ सड़कों के पुनर्निर्माण की शुरुआत की थी। सड़कों का निर्माण अब अंतिम चरण में है। जिससे आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। अस्पताल के भवन, फर्श, छत, शौचालयों की मरम्मत, पार्किंग परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ सड़क निर्माण के लिए करीब 5.21 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। उपायुक्त लक्षित सरीन ने अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का बुधवार को निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों पर समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरे करवाए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


सोनीपत। अस्पताल में पट्टी कक्ष के बाहर छत की टूटी सीलिंग के नीचे खड़े मरीज।


सोनीपत। नागरिक अस्पताल में 5 नंबर कमरे के बाहर छत की टूटी सीलिंग।

#### मरम्मत का कार्य जारी

नागरिक अस्पताल में फिलहाल भवन व शौचालयों की मरम्मत का कार्य जारी है। सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य करीब 15 प्रतिशत शेष बचा है, जिसे जल्द पूरा करवाया जाएगा। सभी कार्यों को तय समय के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अस्पताल में रेनोवेशन का कार्य पूर्ण होने के बाद मरीजों व कर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। **-भूपिंद्र, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, सोनीपत**

#### खर्च होने वाली राशि

- अस्पताल के भवन व फर्श की
- मरम्मत के लिए 3.80 करोड़
- छत की मरम्मत के लिए 18 लाख
- शौचालयों के लिए 43 लाख
- सड़कों के लिए 80 लाख

**एडीसी ने निरीक्षण कर निर्माण में तेजी लाने के दिए निर्देश**


सोनीपत। प्रतियोगिता के दौरान हिस्सा लेते खिलाड़ी।

### नासिर हुसैन और आयुषी सबसे तेज दौड़े

**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ, कामी रोड में चल रहे तीन दिवसीय खेल महोत्सव (मेपल मिराज-2026) के दूसरे दिन आयोजित इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मुकाबलों में मेजबान पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के एथलीट छाए रहे। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के साथ ही विभिन्न कॉलेजों से पहुंचे एथलीटों ने इस दौरान अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर रेस में लड़कों के वर्ग में नासिर हुसैन व लड़कियों के वर्ग में आयुषी ने पहला स्थान हासिल कर प्रतियोगिता का सबसे तेज धावक होने का गौरव हासिल किया। दोनों विजेता पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ में बीटेक के विद्यार्थी हैं। इस मौके पर पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ के चेयरमैन डा.विजयपाल नैन व सचिव गौतम नैन ने कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी.संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा.स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप व रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू के साथ विजेताओं को मेडल व सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया। नेपाल से विशेष तौर पर पहुंचे विशिष्ट अतिथि अमित बाबू ढुंगाना ने एथलीटों का हौसला बढ़ाया।


विजेताओं को सम्मानित करते हुए।

### वॉलीबाल में टीकाराम कॉलेज दूसरे स्थान पर

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विवि द्वारा आयोजित अंतर बीच वॉलीबाल प्रतियोगिता में टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्राचार्या गीता ने छात्राओं के कॉलेज पहुंचने पर स्वागत किया। डॉ. सुमन मान ने बताया कि प्रतियोगिता 17 को रोहतक के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी। जिसमें टीकाराम गर्ल्स कॉलेज ने सेमीफाइनल में यूटीडी रोहतक हराकर फाइनल में एमकेजेके के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया।

## प्रतिभावान खिलाड़ी पदक लाकर बढ़ाते हैं राष्ट्र का गौरव : सांगवान

- गांव रभड़ा स्थित डेरा बाबा मजलिस नाथ में मेला व कुश्ती दंगल आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव रभड़ा स्थित डेरा बाबा मजलिस नाथ परिसर में आयोजित दो दिवसीय मेला का गुरुवार को समापन हो गया। मेले के दूसरे दिन कुश्ती दंगल भी आयोजित किया गया जिसमें अनेक पहलवानों ने अपने कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। विजेता पहलवानों को बरोदा विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने सम्मानित किया। वार्षिक मेले और कुश्ती दंगल के लिए सानिध्य डेरा संचालक बाबा चमन नाथ का रहा। मेले में भारी तादाद में श्रद्धालु पहुंचे और संत-महात्माओं का आशीर्वाद ग्रहण करके मन्नतें मांगी। कुश्ती दंगल की पहली कुश्ती विजय सोनीपत ने शुभम बहादुरगढ़ को हराकर अपने नाम कर ली। दूसरी कुश्ती में गांव रभड़ा के पहलवान सागर विजेता बने। उन्होंने विकास रोहतक को पटखनी दी। तीसरे नंबर की कुश्ती में सागर बहादुरगढ़ ने विकास मधुबन को पराजित किया।


गोहाना। पहलवानों को आशीर्वाद देते हुए भाजपा नेता प्रदीप सांगवान।

## एमएलए ने विधानसभा क्षेत्र खरखौदा की समस्याओं को सदन में उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

हरियाणा विधानसभा में चल रहे सत्र में विधायक पवन खरखौदा ने विधानसभा क्षेत्र की अनेक मांगों को सत्र में प्रभावी तरीके से उठाया और उन्हें पूरा किए जाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि शहर में तीन सरकारी स्कूल चल रहे हैं। जिनमें से दो सीनियर सेकेंडरी स्कूल व एक प्राइमरी स्कूल है जिनमें बड़ी संख्या में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन उनके खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है। केएमपी के साथ-साथ बनाए जा ऑर्बिटल रेलवे कॉरिडोर के निर्माण काम में तेजी लाई जाए। सोनीपत अनाज मंडी को नेशनल हाईवे 334 बी से जोड़ा जाए, ताकि किसानों को आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। रोहट- हरसाना को नेशनल हाईवे से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि खरखौदा में जो एकमात्र कन्या कॉलेज चल रहा है उसको सरकार ने सरकारी कॉलेज का दर्जा तो दे दिया गया है, लेकिन उसमें कर्मचारी काम कर कुछ कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। क्षेत्र वासियों को 500 वर्ग गज जमीन तक मालिकाना हक, देश की सबसे बड़ी सैटेलाइट सिटी की योजना, खरखौदा- दिल्ली मार्ग जिसे पिछले 30 वर्ष से रिपेयर नहीं किया गया था भाजपा की सरकार बनते ही उसे एक वर्ष में रिपेयर करवाया गया। उल्लेखित मार्ग बहुत व्यस्त मार्ग है।

#### संयुक्त खेल का मैदान बनवाने की रखी मांग



विधायक ने बताया नगर पालिका की काफी जमीन खाली पड़ी है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि तीनों स्कूलों के लिए एक संयुक्त खेल का मैदान बनवाया जाए। उन्होंने बताया कि फरमाना गांव में 50 साल से अनाज मंडी सब यार्ड के तौर पर चल रही है जिसे स्थाई मंडी का दर्जा दिया जाए। खरखौदा की सब्जी मंडी तथा अनाज मंडी को अपग्रेड किया जाए। सीवरेज व पानी निकासी व्यवस्थित की जाए। सिसाना गांव में नारायण महाराज नामक आश्रम है जिसकी दूर-दूर तक मान्यता है। उनके नाम से शहर के चौक का नामकरण किया जाए।



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हुए संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### देशव्यापी आह्वान पर कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

सोनीपत। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ जिला कमेटी सोनीपत के नेतृत्व में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने लघु सचिवालय स्थित हनुमान मंदिर के पास सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान देशराज नैन ने की तथा संचालन जिला सचिव राजीव खत्री ने किया। इसके बाद कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय पहुंचे और हरियाणा के मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। सभा को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व राज्य उप प्रधान सिल्क राम मलिक ने कहा कि पूरे देश में संविदा, अनुबंध, पार्ट-टाइम, गेस्ट टीचर, आउटसोर्स व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करने की मांग उठाई जा रही है। इस अवसर पर विकास, धर्मपाल, मुकेश, दर्शन लाल, दिनेश चिकारा, आनंद हुड्डा, कमलेश, सुरेश मुरथल व ओमप्रकाश मलिक सहित अनेक कर्मचारी नेताओं ने भाग लिया।

### विस में पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड की मांग उठाई

**गोहाना।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के प्रश्नकाल में बरोदा विधानसभा के विधायक इन्दुराज नरवाल (भालू) ने अपने विधानसभा क्षेत्र के गांव बनवासा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में अपग्रेड करने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सीएचसी के लिए यहां पर्याप्त भूमि भी है जो स्वास्थ्य विभाग के ही नाम दर्ज है। इंदुराज नरवाल ने कहा कि उपमंडल गोहाना क्षेत्र के अंतर्गत खंड कथूरा में एक भी सीएचसी नहीं है। ऐसे में क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

### अखंड भारत के स्वप्न दृष्टा थे वीर सावरकर

**गोहाना।** शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में गुरुवार को वीर सावरकर की 60वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित इस समारोह में वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी गई। मार्गदर्शन मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने किया। अध्यक्षता हर भगवान चोपड़ा ने की। मुख्य वक्ता मोर्चे के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा वीर सावरकर ने भारत की एकता और अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वह अखंड भारत के स्वप्न द्रष्टा थे। उनका मानना था कि भारत की भौगोलिक और संस्कृति की एकता ही राष्ट्र की असली शक्ति है।

### राज्य मंत्री गौरव गौतम ने की अभियान की शुरुआत

## वीजा फ्रॉड से बचने को राज्यव्यापी अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने वीजा फ्रॉड से कैसे बचें अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि यह अभियान केवल एक विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे हरियाणा के युवाओं तक इसका संदेश पहुंचाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि कुछ फर्जी एजेंट युवाओं को अवैध 'डंकी रूट' से विदेश भेजने का झांसा देकर उनका भविष्य संकट में डाल रहे हैं। कई मामलों में युवा आर्थिक कर्ज, मानसिक तनाव और शारीरिक शोषण का शिकार होते हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा, मेहनत का कोई विकल्प नहीं है और शॉर्टकट सुरक्षित भविष्य नहीं देता। प्रदेश के युवाओं को वीजा फ्रॉड और अवैध माइग्रेशन के जाल से बचाने के लिए यूके व हरियाणा सरकार की संयुक्त पहल से गुरुवार को दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल से राज्यव्यापी वीजा फ्रॉड से कैसे बचें अभियान की शुरुआत की गई। इस मौके पर राज्यमंत्री गौतम ने कहा कि विदेशों में जाने का सपना देखने वाले युवाओं के सपनों को सुरक्षित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में केन्द्र व हरियाणा सरकार मिलकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सुरक्षित और वैध माध्यम से विदेश भेजने के लिए प्रदेश सरकार ने फॉरेन कोऑपरेशन विभाग की स्थापना की गई है। साथ ही स्किल डेवलपमेंट और विदेशी भाषा प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को वैश्विक अवसरों के लिए तैयार किया जा रहा है। इस मौके पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह, डीसीआरयूएसटी के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह, डीसीआरयूएसटी, मुरथल के कुलसचिव प्रो. आशुतोष मिश्रा सहित यूके से आए अनेक अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। वीजा फ्रॉड अभियान को शुरू करते हुए राज्यमंत्री, साथ में विदेशी मेहमान एवं अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

#### केवल अधिकृत और पंजीकृत एजेंटों से संपर्क करें

हरियाणा सरकार की प्रिंसिपल सेक्रेटरी अमीनत पी कुमार ने युवाओं को सलाह दी कि वे केवल अधिकृत और पंजीकृत एजेंटों से संपर्क करें तथा आधिकारिक वेबसाइटों से ही वीजा संबंधी जानकारी प्राप्त करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को देने की अपील की गई। यूके से आए परमानेंट गृह सचिव साइमन रेड़लो ने कहा कि इस अभियान का विस्तार यह सुनिश्चित करने की यूके की प्रतिबद्धता दर्शाता है कि आवेदकों को सही और आधिकारिक जानकारी उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि यूके आवेदकों की आकांक्षाओं का सम्मान करता है और किसी को भी धोखाधड़ी का शिकार नहीं होना चाहिए।

## न्यूज डायरी


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नेता राजीव जैन का स्वागत करते हुए।

### भाई-चारे और सौहार्द का प्रतीक है होली पर्व : जैन

**सोनीपत।** प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय आर्य नगर द्वारा आयोजित शिवरात्रि एवं होली के पावन पर्व की बधाई देते हुए नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने कहा कि पर्व भाईचारे, प्यार प्रेम, सौहार्द के प्रतीक हैं और हमारे जीवन में उल्लास लेकर आते हैं। कार्यक्रम में शिव बाबा का केक काटकर जन्म दिवस मनाया गया और ध्वज फहराया गया। सभी भक्तों पर पुष्प वर्षा कर होली भी मनाई गई। केंद्र की संचालिका बहन अनु कुमारी ने स्मृति चिन्ह भेंट किया और सभी को धर्म मार्ग पर चलने की शपथ दिलवाई। राजीव जैन ने कहा कि होली का त्यौहार हमें सादगी एवं केवल रंगों का तिलक लगाकर मनाना चाहिए। होली पर जल को व्यर्थ ने बहाकर जल संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर मीनू, उषा, सत्या, कमला, संगीता, रेखा, संतोष, निधि, पवन, सुदेश, सुनीता, कृष्णा, दीपा, अनु, नरेश, किरण, वीरेंद्र, सुनील और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।


सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा जिला महामंत्री एवं अन्य।

### नि:शुल्क चिकित्सा सेवा एवं भण्डारा संपन्न

**सोनीपत।** लक्ष्मी नारायण मन्दिर, सिक्का कालोनी की ओर से खाटूनगरी में पधारे तीर्थ यात्रियों के स्वागतार्थ 20वां विशाल फ्री चिकित्सा सेवा एवं भण्डारा कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस पांच दिवसीय सेवा शिविर में हजारों श्रद्धालुओं को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच, परामर्श एवं दवाइयां वितरित की गई। साथ ही भव्य भण्डारे की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी जिला महामंत्री तरुण देवीदास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेवा और समर्पण की भावना भारतीय संस्कृति की पहचान है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। शिविर में विशेषज्ञ



खरखौदा। स्वयं सेविका को पुरस्कृत करती मुख्य अतिथि एवं इंचार्ज।

### पुरस्कार वितरण के साथ एनएसएस शिविर संपन्न

**खरखौदा।** एनएसएस के 7 दिवसीय विशेष शिविर का पुरस्कार वितरण समारोह के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत स्वयं सजें- वसुंधरा सवार दें के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज इंचार्ज योगिता मालिक ने शिरकत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम यादव ने कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। स्वयं सेविका प्रीति और अनुष्का ने 7 दिवसीय रिपोर्ट प्रस्तुत की। साथ ही शिविर के दौरान छात्राओं द्वारा बनाए गए पॉइटरिट, पोस्टर, पेंटिंग आदि कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया। बीसीए से अंजू छात्रा को बेस्ट वॉलंटियर तथा प्रीति, हिमांशी, सुमन और नैंसी को एक्टिव वॉलंटियर चुना गया। प्रोफेसर योगिता मालिक ने 7 दिवसीय शिविर के सफल आयोजन पर कार्यक्रम अधिकारी व स्वयं सेविकाओं को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. दर्शना, डॉ. सुमिता, डॉ. सुषमा व डॉ. मीनाक्षी मौजूद रहीं।


गन्नौर। दुकानदारों के जब्त किए गए सामान को नपा में जमा करते नपाकर्मी।

### शहर में फिर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**गन्नौर।** नगरपालिका ने वीरवार को यातायात पुलिस के साथ मिल कर शहर में दुकानों के बाहर अवैध रूप से रखे गए सामान को जब्त किया। नपा सचिव प्रदीप खर्ब व यातायात चौकी प्रभारी सोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए गए संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान रेलवे रोड पर दुकानों के बाहर लगे होर्डिंग व अन्य सामान को नपा कर्मी उठा कर नगरपालिका ले आए। नपा सचिव खर्ब ने बताया कि आने वाले दिनों में भी इस अभियान को जारी रखेंगे। यातायात चौकी प्रभारी सोहन सिंह ने रेलवे रोड स्थित मुख्य बाजार में अवैध रूप से पार्किंग करने वाले वाहन चालकों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अब से इस पर कड़ी कार्रवाई होगी।


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक साथ में पदाधिकारी एवं अन्य स्टाफ।

**सोनीपत।** फाउंडेशन डे के अवसर पर ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी विद्यालय में छात्रों द्वारा एक भव्य संयुक्त सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक नीरज शर्मा एवं रीमा शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्या चंचल शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने फाउंडेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को अपने राष्ट्र, समाज, परिवार और स्वास्थ्य से जुड़े प्रत्येक विषय में मजबूत नींव (फाउंडेशन) का निर्माण करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी।

### कर्मचारियों ने मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा



गोहाना। नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए यूनियनों के प्रतिनिधि।

**गोहाना।** अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर पूरे देश में राष्ट्रीय मांग दिवस मनाया गया इसी कड़ी में सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित सभी विभागीय यूनियनों के कर्मचारियों ने लघु सचिवालय में इकत्र होकर नायब तहसीलदार जतिन्द्र गिल के माध्यम से हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष नरेंद्र चहल ने कहा की संविदा कर्मचारियों को पक्का किया जाए और जनसंख्या के आधार पर नए पद सृजित किए जाएं। इस अवसर पर सोहन शर्मा, सुनील चहल, प्रेम सिंह, वीरमति, सुनीता, सहदेव आर्य, नरेंद्र शर्मा, अमित, आशीष, राखी, संदीप और राजेश मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**



## 106 मरीजों को बांटी पोषण आहार किट

**सोनीपत।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत वीरवार को सोनीपत के नागरिक अस्पताल में वीएसपी चेरीटेबल ट्रस्ट ने 106 टीबी मरीजों में पोषण आहार किट का वितरण किया। ट्रस्ट के संस्थापक पालाराम एवं महेंद्र वशिष्ठ उपस्थित नहीं हो सके। डॉ. तरुण यादव के नेतृत्व में ट्रस्ट के सदस्यों कपीश कुमार, मांगेराम, दीपक कुमार, पवन शर्मा एवं सृष्टि शर्मा ने पोषण आहार किट का वितरण किया।

## दुकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना बहालगढ़ पुलिस ने गांव चौहान जोशी में किराना दुकान से 16 हजार रुपये चोरी मामले में अमन को गिरफ्तार किया है। 23 फरवरी 2026 को सुमित ने शिकायत दी कि 21 फरवरी की रात दुकान बंद कर गल्ले में 16 हजार रुपये रखे थे। सुबह गल्ला खाली मिला और पीछे की खिड़की की जाली टूटी थी। घी के डिब्बे व तंबाकू उत्पाद भी गायब थे। सीसीटीवी में एक युवक दीवार फांदता दिखा। मामला दर्ज कर सहायक उप निरीक्षक अनिल की टीम ने जांच की और आरोपित को काबू किया।

## राजकीय विद्यायल में बनवाया मंच

**गोहाना।** गांव गढ़ी सराय नामदार खां के चौहान परिवार द्वारा गांव स्थित राजकीय विद्यालाय में जनहित में एक मंच का निर्माण करवाया गया है। यह मंच हर घर तिरंगा फाउंडेशन के सहयोग से स्व. खजानी देवी और स्व. ग्यासी राम सैनी की स्मृति में बनवाया गया है। चौहान परिवार द्वारा 28 फरवरी को विद्यालय में इस मंच का लोकापर्ण किया जाएगा। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी गोहाना राजेन्द्र सिंह सांगवान और नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी होंगे। हरीश कर्नाटक के सानिध्य में यह कार्यक्रम मुख्य शिक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगा। प्रातः 8 बजकर 30 मिनट पर हवन करवाया जाएगा और दस बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक में 22 में से 14 शिकायतों का मौके पर समाधान

# धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा, होगी सख्त कार्रवाई : गौतम

- बिजली विभाग के कर्मचारी की शिकायत पर राज्यमंत्री ने एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी गठित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री गौरव गौतम ने गांव पांची जाटान निवासी पवन कुमार की पैसों की धोखाधडी से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए कहा कि धोखाधड़ी करने वाले व्यक्तियों को किसी भी सूरज में बख्शा नहीं जाएगा उसपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्यमंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में गुरूवार को लघु सचिवालय में कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रखी गई 22 शिकायतों में से राज्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 शिकायतों को मौके पर ही समाधान किया और 08 शिकायतों के समाधान को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समाधान अगली बैठक तक हो जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि अगर कोई व्यक्ति आपके पास शिकायत लेकर आता है तो उसका अपने स्तर पर ही समाधान करवाएं ताकि लोगों को अपनी शिकायत के लिए इधर-उधर चक्कर न काटने पड़े। उन्होंने कहा कि अगर उनके पास किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही से संबंधित शिकायत आई तो उस अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



**सोनीपत।** शिकायतों की सुनवाई करते हुए मंत्री, साथ में अधिकारीगण।



**सोनीपत।** बैठक के दौरान अपनी शिकायतें रखते हुए फरियादी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, डीसीपी कुशल सिंह, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम सुभाष चंद्र, भाजपा जिलाध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, निशांत छोक्कर सहित सभी एसीपी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

### धाना पर कब्जा किया, नोटिस देने के निर्देश

शहर निवासी बलराज सिंह ने राज्यमंत्री के समक्ष शिकायत रखी की उनकी जाट जोशी में उनकी जमीन है और उस जमीन पर सिंचाई के लिए एक करम का धाना था, जिसे किसी व्यक्ति ने कब्जा लिया है। इसपर उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस व्यक्ति ने उसपर कब्जा किया है उसे नोटिस दें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि किसी भी गलत कार्य करने वाले व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने बलराज को आश्वासन दिया कि प्रशासन उसके साथ खड़ा है उसके साथ न्याय होगा।

### एसडीएम की अध्यक्षता में बनाई कमेटी


बैठक के दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी द्वारा अपने वरिष्ठ कर्मचारियों के खिलाफ की गई शिकायत की सुनवाई करते हुए राज्यमंत्री ने एसडीएम सोनीपत की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए, जिसमें एक ग्रीवेंस का सदस्य भी शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि इस कर्मचारी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। इस मामले की तुरंत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसके बाद ईमैन्युअल केयर होम की अध्यक्ष कमल कुमार की शिकायत का तुरंत समाधान करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि ईमैन्युअल केयर होम के साथ लगते सफियाबाद रोड़ तुरंत बनवाया जाएगा और आपकी जो भी उचित मांग होगी उसे भी पूरा किया जाएगा।

### कुछ शिकायतें ये भी आईं

- *कबीरपुर निवासी बबीता की निजी अस्पताल से संबंधित शिकायत पर उन्होंने एडीसी को निर्देश दिए कि वे इस मामले की जांच करें और अगर अस्पताल की कही भी कमी पाई जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। इसके अलावा उन्होंने संबंधित शिकायत पर सीएमओ की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस प्रकार की शिकायत मिली तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।*
- *फरीदाबाद निवासी सुमन रानी की एक अन्य शिकायत पर राज्यमंत्री ने गोदरेज ग्रीन एस्टेट के अधिकारी को निर्देश दिए कि इन्होंने जो पैसा जमा करवाया था उसे रिफण्ड करें अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।*
- *पार्कर रेजीडेंसी कुण्डली निवासी विकास पाराशर की शिकायत पर उन्होंने एसडीएम व एसीपी को जांच करने के निर्देश दिए।*

## आहुलाना के प्राचीन सिद्ध श्री श्याम मंदिर में चतुर्थ वार्षिक महोत्सव मनाया

**गन्नौर।** आहुलाना गांव स्थित प्राचीन सिद्ध श्री श्याम मंदिर में चतुर्थ वार्षिक महोत्सव बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन-यज्ञ के साथ हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डालकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। इसके उपरांत मंदिर में आयोजित संकीर्तन में कलाकारों ने खाटू वाले श्याम तेरी जय हो, श्याम बाबा का दरबार सुहाना लगता है जैसे भजनों की ऐसी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु झूमने पर मजबूर हो गए। पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। महोत्सव में गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित कर मत्था टेका। मंदिर कमेटी व ग्रामीणों ने उनका फूलमाला व पटका पहनाकर स्वागत किया। कादियान ने कहा कि बाबा श्याम का दरबार वह स्थान है जहां अमीर-गरीब का भेद मिट जाता है और केवल श्रद्धा शेष रहती है। इस मौके पर अजित कुमार, रणधीर, सुरेंद्र, दीपक, मनोज कुमार समेत काफी तादाद में श्रद्धालु मौजूद रहे।



## विधायक ने की गन्नौर को नगर परिषद का दर्जा देने की मांग

**गन्नौर।** साल 2027 में गन्नौर नगर पालिका को नगर परिषद का दर्जा मिल सकता है। गुरुवार को हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान ने शहर के विस्तार और विकास का मुद्दा उठाया। सदन में सवाल रखते हुए कादियान ने मांग की कि गन्नौर नगरपालिका को अपग्रेड कर नगर परिषद का दर्जा दिया जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि शहर से सटी टेहा और रोशनपुर ग्राम पंचायतें को नगर पालिका सीमा में शामिल करने से परिषद के लिए आवश्यक मानक पूरे हो जाएंगे। उन्होंने सरकार से मांग की कि जनहित और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए इसे जल्द से जल्द नगर परिषद बनाया जाए। विधायक कादियान ने सदन को अवगत कराया कि गन्नौर में बन रही इंटरनेशनल बागवानी फल फूल मंडी इसी वर्ष शुरू होने जा रही है। विधायक के सवाल का जवाब देते हुए शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि वर्तमान में गन्नौर शहर की जनसंख्या 48 हजार 61 है। नियमों के अनुसार, नगर परिषद के गठन के लिए यह संख्या निर्धारित मानक से कम है। हालांकि मंत्री ने कहा कि साल 2027 में होने वाले परिसीमन के दौरान गन्नौर की जनसंख्या 50 हजार के आंकड़े को पार जाने के पूरे आसार है। जैसे ही जनसंख्या का यह आंकड़ा पूरा होगा, विभाग गन्नौर को नगर परिषद बनाने की प्रक्रिया पर काम शुरू कर देगा।



# ग्रामीणों को दिलवाया सोशल मीडिया की लत से दूर रहने का संकल्प

- ठरू गांव में जीवीएम की एनएसएस इकाई का एक दिवसीय शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज की एनएसएस की स्वयंसेविकाओं ने ठरू के ग्रामीणों को सोशल मीडिया की लत से दूरी बनाने का संकल्प दिलाया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया की आदत तनाव की ओर धकेलती है। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी के नेतृत्व में ठरू गांव में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। सोशल मीडिया एडिक्शन एंड एनेग्जायटी विषय को समर्पित शिविर के प्रातःकालीन सत्र में प्लाकार्ड मेकिंग कंपीटिशन करवाया गया, जिसमें बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा पलक वर्मा ने प्रथम, बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय वर्ष की लेखा ने द्वितीय तथा बीकॉम ऑनर्स द्वितीय वर्ष की अनुष्का ने तृतीय स्थान हासिल किया। बीएससी लाइफ साइंस द्वितीय वर्ष की जागृति कौशिक, खुशी व निष्ठा पाराशर को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।



## *3 मार्च को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भटगांव गोशाला में करेंगे शिरकत*

*सोनीपत। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज के नेतृत्व में भटगांव गोशाला का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर हरियाणा गोशाला बोर्ड के चेयरमैन श्रवण गर्ग, वाइस चेयरमैन पूर्ण यादव, भटगांव गोशाला के प्रधान अनिल दहिया तथा बोर्ड सदस्य राकेश मलिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा, सभा स्थल निर्धारण, व्यवस्थाओं की समीक्षा एवं सुरक्षा प्रबंधों को सुनिश्चित करने हेतु आज यह निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि 3 मार्च को प्रदेशभर की गौशालाओं के प्रधान एवं प्रतिनिधि भटगांव गौशाला में एकत्रित होंगे। इस अवसर पर गोवंश संरक्षण, संवर्धन, नस्ल सुधार, चारे की व्यवस्था, वित्तीय सहयोग एवं गोशालाओं के समग्र विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा होगी। मुख्यमंत्री गोशाला संचालकों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान करेंगे तथा प्रदेश की गोशालाओं के लिए करोड़ों रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देने की घोषणा करेंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी सोनीपत दिनेश अत्री ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी सदैव गोसंरक्षण एवं गौसेवा के प्रति प्रतिबद्ध रही है।*

# निफ्टेम में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और प्रदर्शनी का शुभांरभ

**केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे**

**राई।** कुंडली स्थित निफ्टेम में वीरवार को "इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांस्ड नेक्स्ट जेनरेशन विजन फॉर इमर्जिंग एंड सस्टेनेबल हेल्दी फूड्स (एनवेश-2026)" का उद्घाटन किया गया। गुरूवार को सम्मेलन में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने बतौर मुख्यअतिथि व खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में सचिव अविनाश जोशी, एआईसीटीई के पूर्व अध्यक्ष टीजी सीताराम, वर्ल्ड फूड प्राइज विजेता शकुंतला हरकसिंह ने बतौर विशिष्ठ अतिथि शिरकत की। 26 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित होनी वाले इस तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 25 से अधिक देशों के विशेषज्ञ, शोधकर्ता, उद्योग प्रतिनिधि, निर्यातक, उद्यमी एवं नीति-निर्माता भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत- 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि 1.4 बिलियन की आबादी वाले देश के लिए तकनीक-आधारित विकास अनिवार्य है। ग्रामीण क्षेत्रों और किसानों तक नवाचार, अनुसंधान एवं आधुनिक तकनीकों को पहुंचाकर गांव और शहर के बीच की दूरी कम करनी होगी। बदलती जीवनशैली का उल्लेख करते हुए मंत्री ने कहा कि रेडी-टू-ईट (आरटीई) और रेडी-टू-कुक उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है, जो खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विस्तार से जुड़ी है।



## साहदीन को भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष किया नियुक्त

**सोनीपत।** मिमारपुर के सरपंच साहदीन को भाजपा नीति मंच अल्पसंख्यक मोर्चा हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष कारी फतेहुद्दीन खान कादरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इसराईल, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। साहदीन ने कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वह बिना किसी स्वार्थ के संगठन को मजबूत करने और समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर कार्य करेंगे।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# चोर बने सिरदर्द, किसानों ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**खेतों से उपकरण हो रहे चोरी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

गांव महमूदपुर में खेतों से बिजली मोटर, तार व अन्य कृषि उपकरणों की चोरी की घटनाओं से किसानों में रोष है। लगातार हो रही वारदातों से परेशान ग्रामीणों ने एसीपी को शिकायत सौंपकर रात्रि गश्त बढ़ाने और आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कुछ समय से खेतों में लगी बिजली मोटरें और तार चोरी किए जा रहे हैं, जिससे किसानों को हजारों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए मोटरें बेहद जरूरी होती हैं और इनके चोरी होने से फसलों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। कई किसानों ने अपने स्तर पर निगरानी बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं लग सका। बुधवार रात को गांव के संदीप नरेंद्र, विनोद, अमन, परमेंद्र, विनोद, सतबीर, राजवीर, राजेश, सुरेंद्र व सुरेंद्र पुत्र हरि सिंह सहित कई किसानों की मोटर चोरी कर ली गई। ग्रामीणों ने मांग की है कि गांव व आसपास के खेतों में पुलिस की नियमित गश्त सुनिश्चित की जाए और चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कदम नहीं उठाए गए तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



**गोहाना।** नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी गली निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए।

## 11 लाख से होगा दोनों गलियों का निर्माण

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) वार्ड संख्या 14 के विष्णु नगर में गुरुवार को नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने दो नई गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। निर्माण कार्यों का शुभारंभ नारियल फोड़कर किया गया। नप चेयरपर्सन रजनी विरमानी के अनुसार दोनों गलियों के निर्माण पर लगभग 11 लाख रुपये की राशि खर्च होगी। गलियों को इंटरलॉक टाइलों से पक्का किया जाएगा और जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के लिए गलियों के दोनों ओर पाइपलाइन भी दबाई जाएगी। चेयरपर्सन ने कहा कि शहर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु नगर परिषद निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड के पार्षद विजय पंचाल ने की। इस अवसर पर पंकज, शमशेर, राजकुमार, पार्षद प्रदीप लठवाल, विजय और संजीव स्वामी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# शोधार्थी ने पीएचडी थीसिस रोके जाने का लगाया आरोप

**राज्यपाल से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टैक्नोलॉजी में एक शोधार्थी ने अपनी पीएचडी थीसिस को जानबूझकर रोके जाने तथा प्रशासनिक उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के शोधार्थी संदीप कुमार का कहना है कि उन्होंने सभी निर्धारित शैक्षणिक औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद अपनी थीसिस विश्वविद्यालय में विधिवत जमा करवाई थी। संबंधित रिसर्च कोऑर्डिनेटर द्वारा दस्तावेजों को पूर्ण एवं सही भी पाया गया था। शोधार्थी के अनुसार विश्वविद्यालय ऑर्डिनेंस के तहत थीसिस को चेयरपर्सन के माध्यम से सीधे कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशंस कार्यालय भेजा जाना अनिवार्य है, लेकिन निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उनका आरोप है कि जून-जुलाई माह से मामले में अनावश्यक आपत्तियां उठाई गई और दबाव बनाया गया। संदीप कुमार का कहना है कि इस देरी से उन्हें मानसिक प्रताड़ना, शैक्षणिक नुकसान और करियर में गंभीर बाधा का सामना करना पड़ा है। उन्होंने राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के चांसलर से मांग की है कि यूनिवर्सिटी एक्ट 2006 के तहत पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच करवाई जाए तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए।

**कार्यक्रम** महिला विवि में स्वावलंबन केंद्र के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# रोजगार की तलाश पर्याप्त नहीं, उद्यमी बनें : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में स्वावलंबन केंद्र के अंतर्गत उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के अंतर्गत आयुक्त कार्यालय–एमएसएमई द्वारा ईएसडीपी योजना के तहत प्रायोजित था। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र, सामाजिक कार्य एवं मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं के लिए किया गया। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि आज के वैश्विक युग में केवल नौकरी की तलाश करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्राओं को रोजगार प्रदाता बनने की दिशा में भी अग्रसर होना चाहिए।



### कार्यक्रम का समन्वय डॉ. ज्ञान मेहरा ने किया

अर्थशास्त्र, सामाजिक कार्य और मनोविज्ञान जैसे विषय समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने का आधार प्रदान करते हैं, जिनके माध्यम से छात्राएं सामाजिक उद्यम (सोशल इंटरप्रेनरशिप) स्थापित कर सकती हैं। कार्यक्रम में एमएसएमई मेंटर एवं स्किल मंत्रा के ग्रोथ कोच रवि गुप्ता, स्किल मंत्रा के जैनिक डिजिटल कोच और एमएसएमई नोडल अधिकारी प्रो. अंशु भारद्वाज ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. ज्ञान मेहरा ने किया। इस अवसर पर डॉ. दीपाली माथुर, डॉ. अंजू व प्रो. मंजू पंवार भी मौजूद रहे।

## होली समरसता, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक : कुलपति

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय द्वारा होली पर्व के आगमन पर फाग महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में वाणिज्य, प्रबंधन और होटल प्रबंधन विभाग की छात्राओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों, रंगों और मनोरंजक खेलों के आकर्षक स्टॉल लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक प्रबंधन कौशल को प्रोत्साहित करना था। फाग महोत्सव में विवि की कुलपति प्रो. सुदेश एवं कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। प्रो. सुदेश ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। फाग महोत्सव जैसे आयोजन छात्राओं को सांस्कृतिक मूल्यों से जोडने के साथ-साथ नेतृत्व और प्रबंधन कौशल को भी विकसित करते हैं। जिस प्रकार होली के रंग विविधता में एकता का संदेश देते हैं, उसी प्रकार जीवन में भी सकारात्मकता, सहयोग और नवाचार के रंग भरने चाहिए। कुलपति ने पर्यावरण अनुकूल एवं सुरक्षित होली मनाने का आह्वान करते हुए जल संरक्षण और प्राकृतिक रंगों के उपयोग पर बल दिया। कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और आय के नए अवसर सृजित करने की दिशा में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करते हैं, जो भविष्य में उन्हें सफल उद्यमी बनने में सहायक होंगे।

